Civil Services (Main)
Examination, 2026

KVMS-D-HND

# हिन्दी / HINDI

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

## (साहित्य) / (LITERATURE)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे | अधिकतम अंक : **250** |
| *Time Allowed* : ***Three*** *Hours* | *Maximum Marks* : **250** |

---

**प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश**

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :***

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

**Question Paper Specific Instructions**

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***EIGHT*** *questions divided in* ***TWO SECTIONS****.*

*Candidate has to attempt* ***FIVE*** *questions in all.*

*Questions No.* ***1*** *and* ***5*** *are compulsory and out of the remaining, any* ***THREE*** *are to be attempted choosing at least* ***ONE*** *question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in* ***HINDI*** *(Devanagari Script).*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

---

## SECTION A

**Q1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर स्वयं की भाषा में लिखिए) :**

**निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में कीजिए :** *10×5=50*

(a) सब रग तंत रबाब तन, विरह बजावै नित्त।

और न कोई सुणि सकै, कै साईं कै चित्त॥

बिरहा बुरहा जनि कहौ, बिरहा है सुलितान।

जिहि घट बिरह न संचरै, सो घट सदा मसान॥ *10*

(b) दादुर मोर कोकिला पीऊ

गिरै बीजु, घट रहै न जीऊ।

पुष्य नखत सिर ऊपर आवा

हौं बिनु नाह, मंदिर को छावा॥ *10*

(c) अंधकार के अट्टहास-सी मुखरित सतत चिरंतन सत्य।

छिपी सृष्टि के कण कण में तू, यह सुंदर रहस्य है नित्य।

जीवन तेरा क्षुद्र अंश है, व्यक्त नील घन माला में।

सौदामिनी-संधि-सा सुंदर, क्षण भर रहा उजाला में। *10*

(d) काँपते हुए किसलय, – झरते पराग समुदय,

गाते खग नव-जीवन-परिचय, – तरु-मलय-वलय,

ज्योति प्रपात स्वर्गीय, – ज्ञात छवि प्रथम स्वीय,

जानकी-नयन-कमनीय प्रथम कंपन तुरीय। *10*

(e) पिस गया वह भीतरी

औ' बाहरी दो कठिन पाटों बीच,

ऐसी ट्रैजिडी है नीच !! *10*

**Q2.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) बिहारी की काव्य-भाषा और सौंदर्य-दृष्टि की व्याख्या कीजिए। *20*

(b) कामायनी के श्रद्धा सर्ग में व्यक्त मानवतावादी दृष्टि की विवेचना कीजिए। *15*

(c) एक लंबी कविता के रूप में 'असाध्य वीणा' के काव्य-शिल्प का विश्लेषण कीजिए। *15*

**Q3.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) कबीर की भक्ति और उनकी सामाजिक दृष्टि के बीच के अंतर्संबंध की विवेचना कीजिए। *20*

(b) " 'राम की शक्तिपूजा' एक युद्ध-विरोधी कविता है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। *15*

(c) 'ब्रह्मराक्षस' कविता में व्यक्त जीवन दर्शन की समीक्षा कीजिए। *15*

**Q4.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) 'पद्मावत' के आधार पर जायसी की स्त्री-दृष्टि का विश्लेषण कीजिए। *20*

(b) कुरुक्षेत्र "अन्ततः एक साधारण मनुष्य का शंकाकुल हृदय ही है, जो मस्तिष्क के स्तर पर चढ़कर बोल रहा है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *15*

(c) दलित विमर्श के परिप्रेक्ष्य में 'हरिजन गाथा' कविता की समीक्षा कीजिए। *15*

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में कीजिए :** *10×5=50*

(a) वह न बैकुंठ जाएगी तो क्या ये मोटे-मोटे लोग जाएँगे, जो ग़रीबों को दोनों हाथों से लूटते हैं, और अपने पाप को धोने के लिए गंगा में नहाते हैं और मंदिरों में जल चढ़ाते हैं। *10*

(b) उन्हें आसन से उठते देख, हाथ जोड़कर उसने निवेदन किया – "परंतु देव, भगवान तथागत ने तो वेश्या अंबपाली को भी संघ में शरण दी थी।"

"वेश्या स्वतंत्र नारी है, देवी।"

स्थविर ने आसन से उठते हुए उत्तर दिया। *10*

(c) बावन ने दो आज़ाद देशों की, हिंदुस्तान और पाकिस्तान की ईमानदारी को, इंसानियत को बस दो डग में ही नाप लिया। *10*

(d) छायावादी मुहावरे में कहा जाता है कि 'मरकत शिला पर हीरक कण' बिखरे हैं। लेकिन मैं छायावादी नहीं हूँ और मुझे दूब की हरियाली पर ओस मरकत शिला पर हीरक कण की अपेक्षा कहीं अधिक सुंदर और प्राणवान दिखती है। *10*

(e) जिस मीरा को मैंने वर्षों जाना है, वह अब पास-सी नहीं लगती, अपनी-सी नहीं लगती। उसे मैंने छू-छू कर छुआ था, चूम-चूम कर चूमा था, पर मन पर जब मोह और प्यार की उछलन आती है, तो मीरा नहीं मन्नो की आँखें ही सगी दिखती हैं। *10*

**Q6.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) 'गोदान' के आधार पर प्रेमचंद के उपन्यास-विषयक दृष्टिकोण की विवेचना कीजिए। *20*

(b) " 'स्कन्दगुप्त' ऐतिहासिक कथानक के बावजूद अपने समय के राजनीतिक और सांस्कृतिक प्रश्नों पर विचार करता है।" इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। *15*

(c) 'कविता क्या है' निबंध के आधार पर रामचंद्र शुक्ल की सौंदर्य दृष्टि की विवेचना कीजिए। *15*

**Q7.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) "'मैला आँचल' आंचलिक उपन्यास होते हुए भी अपने समय के बदलते हुए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करता है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। *20*

(b) "'आषाढ़ का एक दिन' साहित्यकार और राजसत्ता के बीच के जटिल संबंध का परीक्षण करता है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। *15*

(c) 'कुटज' में व्यक्त जीवन-दृष्टि और उसकी निबंध-शैली का विश्लेषण कीजिए। *15*

**Q8.** **निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) "'बदबू' औद्योगिक-पूँजीवादी सभ्यता की आलोचना करने वाली कहानी है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। *20*

(b) 'टूटना' कहानी के आधार पर राजेन्द्र यादव की कथा-दृष्टि का विश्लेषण कीजिए। *15*

(c) गुलाब राय के निबंध 'भारतीय संस्कृति' में व्यक्त सांस्कृतिक दृष्टि की विवेचना कीजिए। *15*